हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 19 नवंबर 2024


तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री


12 पाररास पहुंचे कलेक्टर, व्यवस्थाओं का लिया जायजा, धान की ...




10 सीएम साय बोले-छग के खिलाड़ियों को मिलेगी हर ...






## खबर संक्षेप

### युवती से दुष्कर्म मामला दर्ज

**बालोद।** शादी का प्रलोभन देकर युवती के साथ दुष्कर्म के आरोप में अर्जुन्दा पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अर्जुन्दा पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र में हिन्दू समुदाय की एक युवती के साथ मुस्लिम समुदाय के एक युवक ने शादी का प्रलोभन देकर उसे अपने साथ रखा। आरोप है कि इस दौरान युवक डरा धमकाकर युवती से शारीरिक संबंध बनाता रहा। इसके साथ ही युवक द्वारा मारपीट भी की गई। युवती ने जब घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी, तो परिजनों ने अर्जुन्दा थाने में युवक जीशान खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले में पुलिस आरोपी जीशान खान के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 127(3), 3(5), 351(2), 62, 64 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

### निर्वाचक नामावली से संबंधित दावा-आपत्ति 20 तक

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली से संबंधित दावा आपत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 नवंबर निर्धारित की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण कर निर्वाचक नामावलीयों का अंतिम प्रकाशन 13 दिसंबर को किया जायेगा। उन्होंने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली से संबंधित दावा आपत्ति लेने का कार्य गुरुवार 14 नवंबर से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जा रहा है। जनपद पंचायत बालोद, गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार व निर्वाचक सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है। नाम जुड़वाने के लिए प्रस्तुत दावा में संबंधित सभी पात्र व्यक्तियों को सम्मिलित किया जाना है।

## आरोप


गौण खनिज मद की राशि आवंटित करने की मांग की

# पार्षदों ने जनपद अध्यक्ष पर मनमानी का लगाया आरोप, धरने पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

जनपद अध्यक्ष सुचित्र साहू पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कांग्रेस तथा भाजपा के 20 जनपद सदस्य सोमवार को जनपद कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए, जनपद सदस्य गौण खनिज मद की राशि आवंटन करने को लेकर धरने पर बैठे थे।

जनपद सदस्यों ने जनपद अध्यक्ष सुचित्र साहू पर आरोप लगाते हुए बताया कि 16 दिसंबर 2023 की बैठक मे गौण खनिज की राशि में लिए गए प्रस्ताव के आधार पर 87 लाख राशि का 15 मार्च 2024 को कार्य आदेश जारी किया गया था। चूंकि आचार संहिता लगने के कारण कार्य का ले आउट और राशि का आवंटन नहीं हो पाया तथा कुछ कार्यों में विवाद हो गया था। इसके कारण 26 जून 2024 को फिर हुई बैठक में पुराने कार्यो को निरस्त कर नया प्रस्ताव करके प्रत्येक जनपद सदस्य को तीन लाख 70 हजार की राशि बराबर आंबटित करने प्रस्ताव किया गया। सभी जनपद सदस्यों की अनुशंसा पर 16 जुलाई 2024 को कार्य अनुमोदन के लिए



जिला पंचायत बालोद को पत्र भेजा गया, जिसका आज तक कार्य का अनुशंसा नहीं हो पाई है और न ही किसी भी जनपद क्षेत्र में कार्य हुआ है,चूंकि जनपद सदस्यों का कार्यकाल समाप्ति की ओर है, सभी जनपद सदस्य ने कहा हम शासन प्रशासन से मांग करते है कि गौण खनिज मद की राशि तत्काल आवंटन करे ताकि जनपद क्षेत्र में विकास हो सके।

जनपद सदस्य अनिल सोनी, तेजराम साहू व रमादेवी ठाकुर ने कहा कि पिछले डेड़ साल से गौण खनिज मद की राशि 87 लाख जनपद में हैं, मगर अध्यक्ष की मनमानी के चलते क्षेत्र मे विकास रुक गया है, जिसके लिए हम 20 जनपद सदस्य जनपद पंचायत के बाहर धरना में बैठकर राशि आंबटन की मांग कर रहे हैं। जनपद उपाध्यक्ष अजय जैन ने कहा कि गौण खनिज मद की 87 लाख राशि है, वो सभी 24 जनपद सदस्य को बराबर राशि आंबटन करे, ताकि सभी सदस्य अपने क्षेत्र मे विकास कार्य करा सके।

### किसी के दबाव में आकर प्रदर्शन कर रहे पार्षद : जनपद अध्यक्ष

इधर जनपद अध्यक्ष सुचित्र साहू ने कहा कि गौण खनिज मद से संबंधित सभी प्रक्रिया नियमतः पूर्ण करने के पश्चात ही जो जनपद सदस्य धरने पर बैठे है उन सबकी सदन में सहमति के बाद ही कार्य आदेश जारी किया गया। अब वे अपनी अज्ञानतावश या किसी के दबाव में आकर ये सब कर रहे है। नियमतः कार्यादेश के बाद जनपद सीईओ को भी ग्राम पंचायतों को राशि हस्तांतरित कर देनी चाहिए थी, जो आज दिनांक तक नही हो पाई। धरना मे जनपद सदस्य राजेश चौबे, राधेश्याम चेलके, दीपक साहू, हीरालाल गांधी, प्रेम गोरे, मोहित सार्वा, सीमा बर्मन, देविका बंजारे, पायल शर्मा, ममता चंद्राकर, रमा ठाकुर, तारिनी चंद्राकर, गोमती साहू, निर्मला साहू, योगेश्वरी यादव, वेद कुमारी, चद्रिरका साहू, सोहर ठाकुर, गायत्री ठाकुर उपस्थित थे।

## जिले के सनौद थाना क्षेत्र का मामला

# ग्राहक सेवा केंद्र संचालक ने की लाखों की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक द्वारा ग्रामीणों से बैंक में राशि जमा करने के नाम पर ढाई लाख रुपये से अधिक धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है।

यह मामला जिले के सनौद थाना क्षेत्र का है, जहां छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा पलारी के शाखा प्रबंधक ललित कुमार टिकरिहा ने सनौद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शाखा प्रबंधक ने बताया कि छत्तीसगढ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा पलारी में 9 खाताधारकों से राशि लेकर बैंक मे जमा नही किया प्रभावित खाता धारको मे मनबोधी राम निषाद 62,747 रुपये, मैना बाई निषाद से 61,000 रुपये, पूर्णिमा बाई साहू 19,000 रूपये, प्रेमिन बाई साहू से 40,000 रूपये, डेरहीन बाई यादव से 7,000 रुपये, अंगेश्वरी पटेल सनौद से 45,764 रुपये, छबिला पटेल से 5,000 रुपये, खोरबाहरीन यादव से 4,000 रुपये और उर्वशी साहू से 8,000 रुपये, ग्राहक सेवा केन्द्र सनौद के संचालक डोमन लाल निषाद पिता पंचुराम निषाद निवासी ग्राम डोटोपार द्वारा बैंक के खाता धारकों से नगदी पैसा लेकर उनके खाता में जमा न कराकर धोखाधड़ी की गई है। इसकी जानकारी जब खाताधारकों को हुई तो उन्होंने छत्तीसगढ राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक से शिकायत की। जिसके बाद शाखा प्रबंधक द्वारा सभी खाता धारकों के खाता का सत्यापन किया गया, जिसमें आरोपी डोमन लाल निषाद पिता पंचुराम निषाद द्वारा 9 खाता धारकों से कुल 2,52,511 रुपए लेकर बैंक खाता में जमा न कर धोखाधडी किया गया है।

इस पूरे मामले में सनौद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दिए हैं।

# राजाराव पठार करेंझर में 3 दिवसीय वीर मेला 8 से

## तैयारियों को लेकर हुई आयोजन समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

वीर मेला आयोजन समिति राजाराव करेंझर व छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज बालोद, धमतरी, कांकेर द्वारा विराट वीर मेला का आयोजन 8, 9 व 10 दिसंबर को राजाराव पठार करेंझर में किया जायेगा ।

इसके तहत देव मेला, आदिवासी हाट बाजार, आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम, रेला पाटा व शहीद वीर नारायण सिंह श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 8 दिसंबर को प्रातः 8 देव मिलन एवं आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम व आदिवासी हाट बाजार का शुभारंभ किया जाएगा। प्रातः 10:30 बजे स्थानीय देवी देवताओं एवं अन्य स्थानों से देवी देवताओं का आगमन, अतिथियों का स्वागत, सामाजिक प्रमुखों का उद्बोधन होगा। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। 9 दिसंबर को आदिवासी प्रतिभाओं का सम्मान, आदिवासी महापंचायत, आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्र होंगे। इसी तरह 10 दिसंबर को वीर रथ आगमन, शहीद वीर नारायण सिंह श्रद्धांजलि कार्यक्रम तथा रात्रि 9 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। तैयारियों को लेकर युवा प्रभाग की बैठक राजा राव पठार में आयोजित की गई जिसमें धमतरी, कांकेर और बालोद जिले के युवाओं ने हिस्सा लिया था। युवाओं को कार्यक्रम को लेकर जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति के अध्यक्ष यूआर गंगराले, कार्यकारी अध्यक्ष ब्रम्हानंद नेताम, महासचिव कृष्ण कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष महेश रावटे, उपाध्यक्ष बलराम गोटी, कमलनारायण धुव, गौतम कुंजाम, संयोजक जीवराखन मरई, तुकाराम कोर्राम, कन्हैया उसेण्डी व ग्रामीणो की सक्रिय सहभागिता होगी।



### सड़क किनारे पेड़ से टकराकर पलट गया धान से भरा ट्रक

**बालोद/कलंगपुर।** 17 नवम्बर की सुबह लगभग 4:30 बजे गुण्डरदेही धमतरी मुख्य मार्ग पर ग्राम खलारी के आबादी पारा के समीप चावल से भरा ट्रक क्रमांक एमएच 40 सीएम 1100 सड़क किनारे पेड़ से टकराकर पलट गया। घटना के समय ट्रक गुण्डरदेही से धमतरी की तरफ जा रहा था। अनुमान लगाया जा रहा है कि चालक को अचानक झपकी आ गई होगी, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकराकर जा पलटा।


## हरिभूमि पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100



## पैरामेडिकल/नर्सिंग/स्वास्थ्य कर्मचारी में प्रवेश हेतु आवेदन सूचना (2024-25)

**कार्यालय संचालक, केंद्र क्रमांक 86549 मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस MIPS रायपुर, (छ.ग.)**

छ.ग. के विभित्र प्राइवेट चिकित्सालयों में पैरामेडिकल स्वास्थ्य कर्मचारी एवं हॉस्पिटल प्रबंधन कर्मी की पूर्ति हेतु संस्थान एक एवं दो वर्षीय राष्ट्रीय कौशल विकास द्वारा संचालित कोर्स के अंतर्गत में कक्षा 12वीं (पास/फेल कोई भी विषय से हो) छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों (रायपुर धमतरी, बिलासपुर, सरायपाली, जांजगीर) के केन्द्रों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित।

**केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटे**

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | ईएमटी/ MPHW | नर्सिंग अस्टिटेंट/ नर्सिंग सुपरवाइजर | डिप्लोमा इन डायलिसिस | डिप्लोमा इन योगा टेक्नीशियन | ड्रेसर/ वार्ड ब्वाय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 40 सीट | 20 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| धमतरी | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| बिलासपुर | 40 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| सरायपाली | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| जांजगीर | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |

आवेदन हेतु 10वीं 12 वीं कक्षा (किसी भी विषय) में न्यूनतम प्रतिशत :- अनु. जनजाति 42%, अनु. जाति हेतु 45%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सैनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

**नोट :-** 1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट से भरे । साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि एक ही स्वीकार किया जाएगा) 2. चयनित उम्मीद्वारों को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। 3. केवल आवेदक ही काउंसिंग हेतु पात्र होंगे। 4. 10वीं / 12वीं. ओपन परीक्षा दिए हुए विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते है। 5. किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि : 30/12/2024 तक**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि : 05/01/2025 तक**

**आवेदन हेतु पात्रता**

प्रति,
संचालक
शाखा प्रबंधक NSDC/SDMS केंद्र क्रमांक 86549
मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस रायपुर, (छ.ग.)
पिनकोड- 492013

महोदय________पाठ्यक्रम में चयन हेतु में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रहीं हूं।
आवेदक का नाम________
पिता/पति________ जन्म तिथि________
वर्ग अनुज जाति________अनु जाति________ अन्य पि. वर्ग________
सामान्य________पत्र व्यवहार का पता________
________ पिन कोड________
मो. नं.________बाट्सअप नं________
पालक का मो. न________ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण वर्ग________
में प्राप्त अंक________ कुल प्रतिशत________मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं.________
हस्ताक्षकर________ पालक का हस्ताक्षर________

**कार्यालय का पूरा पता। क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर, (छ.ग.)**


### जमीन विवाद को लेकर बहनों में हुई मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** जमीन विवाद के कारण तीन बहनों ने मिलकर अपनी चौथी बहन की लात घुंसे और डंडे से पिटाई कर दी। घटना जिले के गुरूर थाना क्षेत्र के ग्राम धनेली की बताई जा रही है। प्रार्थी जगदीश वर्मा पिता मदन लाल वर्मा ने बताया कि वह ग्राम परठ थाना नमोरी जिला गुना (म.प्र.) का निवासी है जो हाल में धनेली थाना गुरूर में रहता है। 17 नवंबर को पत्नी चुनिया बाई वर्मा को उनकी बहन कौशिल्या, सोनिया, मनोज, राधिका के द्वारा जमीन संबंधी विवाद को लेकर झगड़ा विवाद कर हाथ मुक्का व डंडा से मारपीट किया है। घायल महिला के पति ने बताया कि 17 नवम्बर को सुबह 7.30 बजे मेरी पत्नि चुनिया बाई वर्मा को उसकी बहन कौशिल्या, सोनिया, और सोनिया का पति मनोज तथा चुनिया के पूर्व पति की लड़की राधिका ने जमीन विवाद को लेकर हाथ मुक्का एवं डंडा से मारपीट किये है जिससे उसके सिर, हाथ पैर में चोट आया है मारपीट को देखकर बीच बचाव करने गया और छुड़ाया हूँ, उसके बाद 108 एंबुलेंस के माध्यम से गुरूर अस्पताल में भर्ती किया हूं। मारपीट के चलते पत्नी बेहोश है और उसके जबड़े का एक दांत टुट गया है। इधर पुलिस ने मारपीट करने वाले कौशिल्या, सोनिया, मनोज और राधिका के खिलाफ गुरुर पुलिस ने धारा 117(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




## खबर संक्षेप



### प्रेरणा आश्रम के बच्चों के साथ मनाया चिल्ड्रन डे

**रायपुर।** श्रीश्री रविशंकर महाराज की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के युवाओं ने इस बार हीरापुर में प्रेरणा दृष्टिबाधित आश्रम में पहुंचकर 100 से अधिक बच्चों के साथ चिल्ड्रन डे सत्संग और उत्सव के रूप में मनाया। इस अवसर पर दृष्टिबाधित बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखते ही बन रही थी। कार्यक्रम में शांतनु द्वारा भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई एवं कमलेश्वरी ने भी अपनी मधुर आवाज से सबको मोहित कर दिया। उक्त जानकारी आर्ट ऑफ लिविंग ब्यूरो ऑफ कम्युनिकेशन स्टेट को-ऑर्डिनेटर दीपेंद्र दीवान ने दी।

### पैसे देने से इंकार करने पर युवकों से मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा थानो में एक व्यक्ति ने तीन लड़कों के खिलाफ अपने भांजे तथा बेटे के साथ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, संजय नगर निवासी सैय्यद साजिद अली ने मोहम्मद सैफ, मोहम्मद शहजाद शेख तथा मोहम्मद हाशिम शेख के खिलाफ अपने भांजे आयुद्दीन तथा बेटा तौसिफ रजा के साथ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। साजिद अली ने पुलिस को बताया कि तीनों बदमाशों ने पुराने मामले में समझौता नहीं करने पर उन लोगों के खिलाफ कोतवाली में अपराध दर्ज कराने की बात कहते हुए शराब पीने पैसों की मांग की। इंकार करने पर बदमाशों ने साजिद अली के बेटे तथा भांजे के साथ मारपीट की।

### शासकीय सेवकों पर आश्रितों के लिए आय की अधिकतम सीमा बढ़ी, वित्त की मंजूरी



**रायपुर।** वित्त विभाग ने शासकीय सेवकों पर आश्रितों की अधिकतम आय सीमा में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब शासकीय सेवकों के आश्रितों के लिए आय की अधिकतम सीमा 3 हजार 50 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 7 हजार 750 रुपए प्रतिमाह करने को स्वीकृति प्रदान की गई है। आय सीमा बढ़ाने के साथ जिन आश्रितों की आय 3050 रुपए से अधिक थी, वे सभी परिवार पेंशन का लाभ प्राप्त करने के पात्र हो सकेंगे। उल्लेखनीय है कि साल 2014 के बाद से शासकीय सेवकों के आश्रितों के लिए आय की अधिकतम सीमा में कोई वृद्धि नहीं की गई थी, जबकि राज्य में श्रमिकों की आय में लगातार वृद्धि हो रही है। अर्ध कुशल श्रमिकों के लिए दैनिक मजदूरी की दर अब 10,900 रुपए प्रतिमाह तक पहुंच गई है। ऐसे में जिन शासकीय सेवकों के आश्रित सदस्य 3 हजार 50 रुपए प्रतिमाह से अधिक आय प्राप्त कर रहे थे, उन्हें परिवार पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा था। इस कदम से शासकीय सेवकों के आश्रितों की स्थिति सुधरेगी और आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। इससे उन परिवारों को राहत मिलेगी, जो शासकीय सेवक के निधन के बाद परिवार पेंशन पर निर्भर रहते हैं।

### राजस्व मंडल से लेकर कमिश्नरी तक 17 हजार से ज्यादा मामले अटके

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में राजस्व संबंधी मामलों का तेजी से निपटारा करने संबंधी राज्य सरकार के बार-बार आदेश-निर्देश के बावजूद ऐसे मामले कम होते नजर नहीं आ रहे हैं। इन मामलों की सुनवाई के लिए तहसील से लेकर जिलास्तर तक न्यायालयों में सुनवाई होने के बाद जब ये मामले राजस्व मंडल और कमिश्नरी के स्तर पर आ रहे हैं तो वहां भी सुनवाई में काफी देर हो रही है। हालत ये है कि राज्य की पांच कमिश्नरी और राजस्व मंडल में कुल मिलाकर ऐसे मामलों की संख्या 17 हजार 326 तक पहुंच चुकी है। दूसरी ओर मामलों के निराकरण में भारी सुस्ती बनी हुई है। छत्तीसगढ़ में लंबित राजस्व मामलों की संख्या 1 लाख 45 हजार से अधिक है, लेकिन इनमें से अधिकांश मामले तहसील से लेकर जिलास्तर तक के राजस्व न्यायालयों से संबंधित हैं।

# सीएम साय बोले-छग के खिलाड़ियों को मिलेगी हर सुविधा, ओलंपिक में गोल्ड लाए तो तीन करोड़

**स्वर्ण पर 3, रजत पर 2 व कांस्य पदक विजेता को 1 करोड़ रुपए देने की घोषणा**


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और बेहतर खेल अधो-संरचनाएं विकसित की जा रही हैं। उन्होंने कहा, ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी को 3 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेता को 2 करोड़ व कांस्य पदक विजेता को एक करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने सीएम ट्राफी इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन स्पर्धा के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, यह बहुत खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ में बैडमिंटन का यह टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 10 देशों के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं है, बल्कि यह एकता, अनुशासन और समर्पण का प्रतीक है। यह युवाओं को सकारात्मक और ऊर्जावान बनाता है। भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है। हमारे राज्य में अनेक प्रतिभावान खिलाड़ी हैं। भारत सरकार की खेलो-इंडिया योजना को भी हम छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में लागू कर रहे हैं।

### खिलाडियों की अपेक्षा जानने का करता हूं प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा, जब भी मुझे अवसर मिलता है। मैं खिलाड़ियों से बातचीत करके उनकी अपेक्षाओं को जानने समझने का प्रयास करता हूं। उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें प्रोत्साहित करता हूं। कल ही मैंने धमतरी की बैडमिंटन खिलाड़ी रीतिका ध्रुव से वीडियो कॉल पर बात करके राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें मिली उपलब्धियों के लिए बधाई दी। रीतिका ने मुझे बताया कि उनके पिता जीवन-यापन के लिए मजदूरी करते हैं और मां आंगनवाड़ी सहायिका हैं। संघर्षों के बावजूद रीतिका ने बैडमिंटन में शानदार प्रदर्शन किया है। मैंने उनको आश्वस्त किया कि आप खूब आगे बढ़िये और अपने माता-पिता के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करिये। हम आपका पूरा सहयोग करेंगे।



### देंगे सभी सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने कहा, खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। बैडमिंटन के क्षेत्र में खिलाड़ी आगे बढ़ें इसके लिए भी हम सभी सुविधाएं देंगे। मुख्यमंत्री ने मेंस डबल्स विजेता हरिहरन व रुबन कुमार को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने विदेश से आए खिलाड़ियों और उनकी टीम के सभी सदस्यों का छत्तीसगढ़ में स्वागत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम सिसोदिया, महासचिव संजय मिश्रा, राकेश शेखर, गौतम महंता सहित बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी, खिलाड़ी व बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।

## मध्यप्रदेश के राजगढ़ से चोरी करने आता है कुख्यात गैंग

# ठंड आ गई, शादियों का सीजन भी और अब सूट-बूट गैंग की दस्तक की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठंड की दस्तक के साथ ही शहर में चोरी की वारदातें अन्य महीनों की अपेक्षा बढ़ जाती हैं। स्थानीय के साथ बाहरी शातिर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने सक्रिय हो जाते हैं। यह शादियों का भी पसंदीदा सीजन होता है, कुछ सालों में ऐसी ही शादियों के दौरान सूट बूट गैंग का खौफ रहा है। राजधानी में पिछले दो साल में विवाह समारोह में दर्जनभर के करीब चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। चोरी की घटनाएं रोकने पुलिस इस बार बड़ी शादियों पर नजर रखने की बात कह रही है। इसके लिए पुलिस जवान सादी वर्दी में समारोह स्थल के आसपास तैनात रहेंगे।

■ पड़ोसी जिलों तथा आउटर के इलाकों में किराए पर मकान लेकर रहते हैं शातिर

उल्लेखनीय है कि बदलते परिवेश में विवाह का स्वरूप पहले की तुलना में काफी बदल चुका है। लोग घर के चारदीवारी के अंदर विवाह समारोह करने के बजाय होटल, मैरिज पैलेस, सामुदायिक भवन आदि में आयोजन कर रहे हैं। इस बात का फायदा चोर गिरोह उठा रहे हैं। गिरोह के बदमाश सज-धज कर विवाह समारोह में शामिल होने पहुंच जाते हैं और मेहमानों के बीच मौका पाकर महंगे गिफ्ट, जेवर समेत अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर देते हैं।

### राजगढ़ से आता है सूट-बूट गैंग

*विवाह समारोह में चोरी करने वाला सूट-बूट गैंग मूल रूप से मध्यप्रदेश राजगढ़ का है। राजगढ़ का यह गैंग देवउठनी एकादशी के बाद से सक्रिय हो जाता है और अलग-अलग ग्रुप बनाकर शातिर यहां चोरी करने पहुंचते हैं। यह गैंग दिन में फेरीवाले बन होटल, मैरिज पैलेस की रेकी करते हैं। इसके बाद रेकी करने वाले अपने अन्य साथियों को विवाह समारोह स्थल की जानकारी शेयर करते हैं।*



### शातिरों पर रख रहे नजर

विवाह समारोह में चोरी की घटनाएं रोकने पुलिस टीम को पहले से अलर्ट कर दिया गया है। दूसरे शहर से आने वाले संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। पूर्व में विवाह समारोह में जिन लोगों को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, उनके वर्तमान लोकेशन के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

- **लखन पटले**, एएसपी सिटी

### पुलिस की हिदायत- सीसीटीवी कैमरे अपडेट रखें

*क्राइम एएसपी संदीप मित्तल के मुताबिक विवाह समारोह स्थल, होटल, धर्मशाला, मैरिज पैलेस के संचालकों को अपने यहां लगे सीसीटीवी कैमरे अपडेट करने कहा गया है। साथ ही समारोह स्थल में नजदीकी पुलिस स्टेशन के नंबर के साथ टीआई के नंबर लिखने भी कहा गया है। थाने तथा टीआई के नंबर लिखे होने पर किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय स्थिति निर्मित होती है तो तत्काल पुलिस को घटना की जानकारी दी जा सकती है।*

### चोरी के बाद माल साथियों के हवाले

*पुलिस के अनुसार, विवाह समारोह में चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद गिरोह के बदमाश चोरी का माल स्वयं रखने के बजाय अपने किसी अन्य साथी को दे देते हैं। माल लेने वाला शातिर यहां रुकने के बजाय अपने गांव रफूचक्कर हो जाता है। चोर गिरोह से जुड़े शातिरों को पता रहता है कि जहां उन लोगों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है, वहां सीसीटीवी फूटेज के आधार पर वे पकड़े जा सकते हैं, इसलिए चोरी का माल अपने अन्य साथियों को दे देते हैं। पकड़े जाने के बाद भी पुलिस इन चोर गिरोह के शातिरों से माल बरामद नहीं कर पाती।*

### जहां रहते हैं, वहां नहीं करते वारदात

*पुलिस के अनुसार, विवाह समारोह में चोरी करने वाले राजगढ़ का गिरोहबाज इतने शातिर हैं कि जिस शहर में वे अपने रहने का ठिकाना बनाते हैं, वहां अमूमन चोरी करने से बचते हैं। गिरोह के बदमाश उसके नजदीकी शहर या जिले में चोरी करने जाते हैं। चोर गिरोह के सदस्य जहां रहने के लिए ठिकाना बनाते हैं, वे वहां केवल रेकी करते हैं।*

# छह महीने में 800 ट्रेनें रद्द लाखों यात्री रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय रेलवे में लगातार विकास कार्य जारी हैं, जिसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ट्रेनें हर बीते छह महीने में सर्वाधिक रद्द हुई हैं। इस वजह से लाखों यात्रियों को दिक्कत हुई। बता दें कि जोन में तीसरी लाइन का काम तेजी से चल रहा है। कुछ महीनों से यह कार्य पूरा हो जाएगा। वर्तमान में ट्रेक की कमी है और अधिक ट्रेनों का परिचालन पटरियों पर हो रहा है। इस वजह से ट्रेनें भी लगातार विलंब से चल रही हैं, लेकिन पटरियों का काम पूरा होने के बाद यात्रियों और माल परिवहन के लिए दो अलग-अलग ट्रेक होंगे। इससे ट्रेनें समय पर पहुंचेंगी और रद्द भी नहीं होंगी। जोन के अफसरों का कहना है कि सालभर तक ट्रेन रद्द होने से यात्रियों को समस्या तो रहेगी। इसके बाद सफर आरामदायक हो जाएगा। समय पर ट्रेन चलाने को लेकर पटरियों का विस्तार कार्य चल रहा है। बता दें कि बीते 6 महीने में 800 से अधिक ट्रेनों को रेलवे ने रद्द किया है। अक्टूबर और नवंबर में संख्या कम रही, लेकिन जुलाई से सितंबर के बीच हर महीने 150 से अधिक लोकल व एक्सप्रेस ट्रेनों को रेलवे ने रद्द किया।



### पिछले साल से 10 प्रतिशत अधिक माल लदान

दपूमरे जोन भारतीय रेलवे का दूसरा सबसे अधिक माल लदान करने वाला जोन है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 236 मिलियन टन माल लदान किया है, जो 10 प्रतिशत वृद्धि है। अगले 9 महीनों में मल्टी-ट्रैकिंग कार्य करेंगे, इसमें तीन बहुत ही महत्वपूर्ण रेलखंड शामिल हैं, जिसमें बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी लाइन, अनूपपुर-कटनी तीसरी लाइन, राजनांदगांव-नागपुर तीसरी लाइन प्रमुख हैं। इन कार्यों के पूरा होने से गतिशीलता में काफी सुधार होगा।

### मालगाड़ियों की जारी नहीं होती सूचना

*रेलवे का कहना है कि देशभर में पटरियों को अपग्रेड करने का काम तेजी से चल रहा है। इस वजह से रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों को हर महीने रद्द करना पड़ रहा है। जिस रूट पर यात्री ट्रेनों को रद्द किया जाता है, उस मार्ग पर मालगाड़ियों का परिचालन रद्द नहीं किया जाता। रेलवे के अनुसार ट्रेनों की तरह मालगाड़ियों के रद्द होने की सूचना जारी नहीं की जाती। पटरियों में दोपहर के वक्त काम होता है। उस समय केवल मालगाड़ी नहीं चलाई जाती, लेकिन सुबह और रात के समय पटरियों पर मालगाड़ी का परिचालन जारी रहता है।*

# 63 लाख की चोरी का अब तक सुराग नहीं, परिजनों से वन-टू-वन पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

मुजगहन थाना क्षेत्र में दीपावली के एक सप्ताह पूर्व किसान बालमुकुंद सोनकर के घर 62 लाख 71 हजार रुपए चोरी की रिपोर्ट 22 दिन बाद दर्ज करने के बाद पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। रिपोर्ट दर्ज करने के तीसरे दिन पुलिस ने रविवार को किसान परिवार के सदस्यों से बारी-बारी से पूछताछ की। साथ ही घर में काम करने वाले कर्मचारियों से भी पूछताछ की है। बावजूद इसके पुलिस को चोरी का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। गौरतलब है कि बालमुकुंद के पिता तथा उनके चाचा मिलाकर सात भाई हैं। इनमें से बालमकुंद के पिता तथा उनके दो अन्य भाई गांव में साथ रहते हैं। शेष चार अन्य भाई रायपुर, राजिम में निवासरत हैं। बालमुकुंद ने थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उनके पिता को आंबेडकर अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया था। उपचार कराने के बाद घर लाया गया। इसी दौरान 23 अक्टूबर को उनकी मां दीवान को सफाई करने के लिए खोली, तब दीवान के अंदर नोटों से भरा काटून, जिसमें जमीन बिक्री की राशि 62 लाख 71 हजार रुपए गायब मिले।

### सभी लोगों से पूछताछ

मुजगहन टीआई के मुताबिक, बालमुंकुद के घर में उनके एक दर्जन के करीब परिजन रहते हैं। सभी लोगों से बारी-बारी से पूछताछ की गई है। साथ ही घर में काम करने वाले कर्मचारियों से भी पूछताछ करने की जानकारी पुलिस ने दी है। उल्लेखनीय है कि बालमुकुंद ने चोरी की घटना में परिजनों के साथ करीबी तथा घर में काम करने वाले कर्मचारियों पर चोरी करने की आशंका व्यक्त की है। इसलिए पुलिस ने घर के सदस्यों के अलावा घर से संबंध रखने वाले संबंधितों से बारी-बारी से पूछताछ की है।

### बाहरी लोगों के बारे में भी जुटा रहे जानकारी

पुलिस के अनुसार, चोरी की घटना में किसी बाहरी का हाथ तो नहीं, इस संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। बालमुकुंद के घर में किन-किन बाहरी लोगों की आवाजाही थी। घर में नकदी रखे होने की जानकारी किन लोगों को थी। पुलिस इस संबंध में भी जानकारी जुटाकर चोरी का सुराग तलाशने की बात कह रही है।

# जमीन पर बेजा कब्जा, कमिश्नर ने पलटा कलेक्टर-एसडीएम का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय जमीन पर बेजा कब्जा मामले में धमतरी जिले के कुर्रा ग्राम पंचायत के सरपंच को एसडीएम तथा कलेक्टर द्वारा क्लीन चिट देने के मामले को कमिश्नर महादेव कावरे ने पलटते हुए कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं। साथ ही एक माह के भीतर प्रकरण का निपटारा करने कमिश्नर ने आदेश दिए हैं। गौरतलब है कुर्रा पंचायत के सरपंच खम्हन लाल साहू तथा उनके परिजनों द्वारा गांव के चार अलग-अलग जगहों पर शासकीय जमीन पर कब्जा कर मकान तथा दुकान निर्माण करने का आरोप है। इसे लेकर गांव के उप सरपंच तथा पंचों ने शिकायत तहसीलदार से की थी। शिकायत की जांच भखारा तहसीलदार ने की। जांच के बाद तहसीलदार ने सरपंच तथा उनके परिजनों पर जुर्माना लगाया।

### साक्ष्यों के आधार पर कमिश्नर से सुनाया फैसला

सरपंच के खिलाफ कार्रवाई करने शिकायतकर्ताओं ने एसडीएम तथा कलेक्टर के फैसले के विरुद्ध कमिश्नर कार्यालय में अपील की। कमिश्नर श्री कावरे ने दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए तलब किया। इसके बाद प्रस्तुत साक्ष्यों का प्रतिपरीक्षण किया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर श्री कावरे ने एसडीएम के आदेश और कलेक्टर के अपील खारिज करने के फैसले को पलटते हुए पंचायत राज अधिनियम की धारा 36 और धारा 40 के तहत कार्रवाई योग्य माना।

### कार्रवाई के लिए एसडीएम के पास अपील

सरपंच तथा उनके परिजनों पर जुर्माना लगाए जाने से असंतुष्ट उप सरपंच तथा पंचों ने आगे की कार्रवाई के लिए एसडीएम न्यायालय में प्रकरण पेश किया। प्रकरण पेश होने के बाद केस को एसडीएम ने नस्तीबद्ध कर दिया। एसडीएम के फैसले के विरुद्ध शिकायतकर्ताओं ने कलेक्टर न्यायालय में अपील की। धमतरी कलेक्टर ने भी एसडीएम के निर्णय को सही मानते हुए अपील खारिज कर दी।

# भारी वाहनों-कचरा ढोने वाली गाड़ियों को तिरपाल से ढंके बिना ही बेखौफ परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारी वाहनों तथा कचरा ढोने वाली गाड़ियों को बिना तिरपाल से ढके बेखौफ परिवहन का खेल किया जा रहा है। शहर से सटे सभी रिंगरोड ही नहीं, बल्कि निगम सीमा के मुख्य मार्गों पर भी यह अनदेखी वाहन चालकों द्वारा की जा रही है। इसे देखने के बाद भी शासन -प्रशासन के जिम्मेदार ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ न तो कभी मुहिम चलाते हैं और न कार्रवाई करते हैं। इससे राहगीरों व छोटे वाहन चालकों को जहां दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, वहीं रोज खुलेआम नियमों का उल्लंघन भी हो रहा है। राजधानी में रोज परिवहन नियमों को भारी मालवाहक चुनौती दे रहे हैं। इसे देखने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसे वाहनों के चालक तिरपाल का खर्च बचाने और लोडिंग के बाद कवर्ड करने से बचने के लिए इस तरह की अनदेखी करते हुए रेत, गिट्टी, मुरुम, फैक्ट्रियों की डस्ट, सीमेंट और निगम की गाड़ियों से कचरा भी ढो रहे हैं। इससे इन वाहनों के आसपास से गुजरने वाले दोपहिया चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। आंख में कचरा पड़ने से कई बार दोपहिया चालक दुर्घटना का भी शिकार होते हैं। ऐसे मामलों में आमतौर पर लोग शिकायत नहीं करते। इसके चलते ट्रैफिक पुलिस और पर्यावरण संरक्षण के जिम्मेदार भी कार्रवाई नहीं करते हैं।

### परिवहन गाड़ियों के लिए नियम

*ट्रैफिक पुलिस यातायात नियम का पालन कराने के लिए दोपहिया, कार चालकों और अन्य वाहनों की जांच तो करती है, लेकिन ऐसे भारी वाहनों की सुध नहीं लेती, जो परिवहन नियमों को रोज खुलेआम चुनौती देते हैं। जबकि परिवहन कार्य करने वाले सभी भारी वाहनों के चालक बारिश के दिनों में परिवहन करते समय तिरपाल का इस्तेमाल करते हैं। सामान्य दिनों में इस तरह की लापरवाही की जाती है। परिवहन अधिनियम में यह प्रावधान है कि रेत, गिट्टी, मुरुम, सीमेंट व डस्ट और कचरे का परिवहन कार्य तिरपाल से ढंकने के बाद ही किया जाना है।*

### नियम का कराएंगे पालन

अगर परिवहन कार्य करने वाले वाहनों द्वारा बिना ढंके रेत, गिट्टी, कचरा, सीमेंट जैसी सामग्री का परिवहन किया जा रहा है तो नियम का परिपालन कराने के लिए इस मामले को संज्ञान में लिया जाएगा।

- **डॉ. गौरव कुमार सिंह**, कलेक्टर, रायपुर

**अवैध तरीके से काबिज लोग कर रहे नुकसान**

# पीएम आवास-बीएसयूपी कालोनियों में 'बाहरी' का कब्जा, सर्वे नहीं, कई जगह बदमाशों का ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में प्रधानमंत्री आवास एवं बीएसयूपी के तहत 40 से ज्यादा कॉलोनियों का निर्माण कराने के बाद नगर निगम अब इनकी सुध नहीं ले रहा है। इसके चलते अरसे से कॉलोनियों में अवैध तरीके से काबिज बाहरी लोगों की पैठ बन रही है।

इससे जहां निगम को राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं आउटर की कॉलोनियों में काबिज आपराधिक प्रवृत्ति के लोग पनाह ले रहे हैं। पुलिस सर्चिंग में कई बार इस बात का खुलासा हुआ है। इसके बाद भी निगम के जिम्मेदार कॉलोनियों की आवंटन सूची के तहत सर्वे कराने में गुरेज कर रहे हैं। राजधानी के विभिन्न वार्डों से हटाने के बाद निगम ने विस्थापन के तहत आउटर में दो अलग-अलग केटेगरी में कॉलोनियों का निर्माण कराने के बाद आवास दिए हैं। इनमें 24 स्थानों पर विकास कार्यों में प्रभावितों को बीएसयूपी के तहत मकान दिए गए हैं।

वहीं भूमि व आवासहीनों को आशियाना देने की पहल प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत की गई है। कई मकानों में अवैध तरीके से रहने वालों की सच्चाई जांचने के लिए पात्रता के आधार पर सर्वे कराने के बजाय निगम प्रशासन इससे बच रहा है। जिस वार्ड-क्षेत्र में कॉलोनियों का निर्माण कराया गया है, उनमें कई वार्ड पार्षद इस बात को स्वीकार करते हैं। पूर्व में हर कॉलोनी में अवैध तरीके से बाहरी लोगों को पनाह दी गई है। इनमें किसी कॉलोनी में रहने वालों की पात्रता जांच नहीं हुई है।



### प्रधानमंत्री आवास में भी अपात्र

वार्ड 7 की पार्षद सुशीला धीवर व वार्ड एक की पार्षद कमलेश वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास के तहत हीरापुर में बने बीएसयूपी व प्रधानमंत्री आवास में सैकड़ों की तादाद में अपात्र लोग काबिज हैं। इनकी जांच कराने के लिए कई बार प्रयास किया गया, लेकिन हर बार जिम्मेदारों ने टाल दिया। इससे निगम को टैक्स का नुकसान तो हो ही रहा है। साथ ही ऐसे लोगों द्वारा निगम से लगातार सुविधाओं की मांग भी की जाती है। वार्ड 67 के पार्षद उत्तम साहू ने बताया कि सर्वे ठंडे बस्ते में है।

### सर्वे के बाद कार्रवाई

नगर निगम ने जितने भी प्रधानमंत्री आवास एवं बीएसयूपी के तहत कॉलोनियों का निर्माण कराया है, उनका आवंटन पात्रता के आधार पर ही किया गया है। अगर इनमें अवैध तरीके से लोग रह रहे हैं तो उनका सर्वे कराने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

- **विनोद कुमार पांडेय**, अपर आयुक्त, ननि रायपुर

### 14 साल से अटकी तय किस्त

निगम सूत्रों ने बताया कि बीएसयूपी में जिन लोगों को विस्थापित किया गया था, उन्हें प्रति मकान का 20 हजार रुपए भुगतान दो-दो हजार रुपए हर महीने किस्तों में देना था, लेकिन बीएसयूपी के रहवासियों ने अभी तक तय राशि का भुगतान नहीं किया है। इसके चलते निगम भी वहां दूसरे फेज में दी जाने वाली सुविधाएं अभी तक नहीं दे पाया है, क्योंकि जिस समय विस्थापित किया गया था।

# देह दानदाताओं का चिकित्सा छात्रों ने माना आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बेहतर डाक्टर बनने शारीरिक संरचना के ज्ञान की खातिर अपने देह का दान करने वालों के प्रति चिकित्सा छात्रों ने आभार प्रकट किया। शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर के एनाटॉमी विभाग में प्रथम वर्ष के एमबीबीएस छात्रों को 'कैडेवरिक ओथ' दिलाई गई। एनाटॉमी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. जागृति अग्रवाल ने छात्रों को कैडेवरिक शपथ की महत्ता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कैडेवर को चिकित्सा छात्र का प्रथम शिक्षक माना जाता है, क्योंकि चिकित्सा पाठ्यक्रम की आधारशिला मानव शरीर रचना पर आधारित है। मुख्य अतिथि डॉ. अरविंद नेरल ने नवप्रवेशित 230 छात्रों को कैडेवरिक शपथ दिलाई। इस अवसर पर जनमानस में देहदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

## खबर संक्षेप

### बंटवारा, दान व हक त्याग में रजिस्ट्री शुल्क अब केवल 500 रूपए लगेगा



**डौंडीलोहारा।** बालोद जिला भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बंटवारा नामा, हकत्याग व दान पत्र के लिए रजिस्ट्री शुल्क मात्र 500 रूपए किए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया है। श्री जायसवाल ने कहा कि इस महत्वपूर्ण निर्णय से लोगों को आर्थिक रूप से बहुत अधिक सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व बाजार भाव के 0.08 प्रतिशत शुल्क देनी पड़ती थी, अर्थात दान शुदा सम्पति 1 करोड़ रूपए है तो रजिस्ट्री शुल्क 80 हजार लगता था। लेकिन अब संम्पति की कीमत कितनी भी हो, रजिस्ट्री शुल्क केवल 500 रूपए लगेगा। स्टाम्प ड्यूटी दान के लिए 0.05 प्रतिशत, हकत्याग के लिए 0.05 प्रतिशत और बंटवारे के लिए 200 रूपए प्रति हिस्सा लगता था, उसे यथावत रखा गया है। इस प्रकार जो लोग अपने प्रिय जनों को उपहार स्वरूप अचल संपत्ति देते थे, वे स्टाम्प ड्यूटी व रजिस्ट्री शुल्क अधिक लगने से वे रजिस्ट्री नहीं करा पाते थे ऐसे लोगों के लिए यह निर्णय स्वागत योग्य है। इस ऐतिहासिक निर्णय से अब दान पत्र व हकत्याग के रजिस्ट्री कार्य बढ़ेंगे तथा बंटवारा जैसे प्रकरणों में तहसील कार्यलयों का चक्कर लगाने से भी राहत मिलेगी। इस निर्णय के लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी भी बधाई के पात्र है, जिनकी एक अच्छी सोच को अमलीजामा पहनाने में सफलता मिली।

### वर्ल्ड जूडो चैम्पियनशिप में रेखा ने जीता कांस्य पदक

**रायपुर।** लास वेगास वर्ल्ड जूडो चैंपियनशिप वेटेरंस-2024 में शामिल भारतीय जूडो खिलाड़ी रेखा कटरे ने कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता वर्ल्ड जूडो फेडरेशन द्वारा अमेरिका के लास वेगास में आयोजित की गई थी, जिसमें रायपुर छत्तीसगढ़ की जूडो खिलाड़ी रेखा कटरे ने 49 आयुवर्ग और 63 किलो भारवर्ग में कांस्य पदक जीता। पिछले साल दुबई में वर्ल्ड जूडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था, जिसमें रेखा कटरे ने भी हिस्सा लिया था।

### बांडेड डॉक्टरों को भी मिलेगी सीआरएमसी की प्रोत्साहन राशि

**रायपुर।** दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में सेवा देने वाले अनुबंधित चिकित्सा अधिकारी एवं विशेषज्ञ भी सीआरएमसी की प्रोत्साहन राशि के पात्र होंगे। वर्ष 2017 से इस राशि के लिए संविदा चिकित्सकों को पात्र माने जाने के आदेश पर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। कबीरधाम जिले में विवाद की स्थिति बनने के बाद एनएचएम के अधिकारियों ने मामला स्पष्ट कर दिया। दूरस्थ इलाकों में चिकित्सकीय सेवा प्रदान करने वाले डॉक्टरों को प्रोत्साहित करने छत्तीसगढ़ रूरल मेडिकल कोर योजना शुरू की गई थी। इस योजना के अनुसार संविदा चिकित्सकों को मानदेय के अलावा प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था की गई थी। इस आदेश में संविदा का जिक्र था, जिसके कारण असमंजस की स्थिति बन गई थी।

---

सदस्यता अभियान जिला संयोजक राकेश ने कहा- प्रदेश ने दिया है 198600 का लक्ष्य

# जिला भाजपा ने पार किया 1 लाख 60 हजार का आंकड़ा, अब लक्ष्य से केवल 38 हजार दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी के प्राथमिक सदस्यता अभियान को लेकर जिले में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक लेने सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी अनुराग सिंह देव पहुंचे।

इस समीक्षात्मक बैठक में अनुराग सिंह देव, सदस्यता अभियान के सह प्रभारी नवीन मार्कंडेय, जिलाध्यक्ष पवन साहू व सदस्यता अभियान के जिला संयोजक महामंत्री राकेश छोटू यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। राकेश छोटू यादव ने जिले में सदस्यता को लेकर प्रदेश प्रभारी के सामने डाटा प्रस्तुत किया। उन्होंने अभी तक की स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि जिले में 93000 हजार ऑनलाइन व 60000 से अधिक आफलाइन सदस्य हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि सदस्य बनाने का कार्यक्रम जारी है। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश कार्यालय द्वारा बालोद जिले को जो लक्ष्य 198600 का मिला है, उसके करीब हम 1,60,000 से अधिक तक पहुंच गए हैं। अनुराग सिंह देव ने कहा कि आने वाले समय में आप सभी को इस अभियान के लिए तीन से चार दिनों का समय और मिल सकता है। इस अभियान की शुरुआत में दिल्ली में केंद्र ने पूरे देश में 10 करोड़ का लक्ष्य दिया था। उन्होंने कहा कि रिकार्ड 45 दिन में पूरे डाटा के साथ, ओटीपी लेकर, पूरा फार्म भर भारतीय जनता पार्टी ने पूरे देश में 10 करोड़ का टारगेट पूरा कर लिया। अब 11 करोड़ के आसपास पहुंच गए हैं। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री राकेश छोटू यादव ने किया। कार्यकम का आभार महामंत्री चेमन देशमुख ने व्यक्त किया। सदस्यता अभियान समीक्षात्मक बैठक में पूर्व विधायक प्रीतम साहू, महामंत्री चेमन देशमुख, उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, पुष्पेंद्र चंद्राकर, नरेश साहू, कृतिका साहू, जिला मिडिया प्रभारी कमल पनपालिया, जिला सदस्यता अभियान टोली के सदस्य कमलेश सोनी, सुरेन्द्र देशमुख, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, सुरेश निर्मलकर, कौशल साहू, रुपेश सिंन्हा, टिनेश्वर बघेल, दुष्यंत सोनवानी, प्रणेश जैन व सदस्यता अभियान से जुड़े कार्यकर्ता उपस्थित थे।

■ भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी अनुराग सिंह ने ली समीक्षा





### छत्तीसगढ़ में 53 लाख सदस्य

अनुराग ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी हम लोगों ने टारगेट दिया था, पिछली बार 2014 में जो सदस्यता हुई थी उसमें हम लोगों ने लगभग 22 लाख सदस्य बनाए थे, यह ऑनलाइन सदस्यता की शुरुआत थी, जिसमें सिर्फ मिसड कॉल करना था। अब 2024 में 53 लाख का टारगेट छत्तीसगढ़ ने लिया, 50 दिनों में 50 लाख का लक्ष्य प्राप्त किया और अभी तो हम लोग 53 लाख मेंबर हैं।

### प्रत्येक शक्ति केंद्र में जाकर सदस्य बनाएं कार्यकर्ता

इसी बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष का प्रवास हुआ और उन्होंने कहा था कि छत्तीसगढ़ में संभावनाएं काफी हैं और चुनौती भी ज्यादा हैं, इसलिए आप सभी को ज्यादा सदस्य बनाने की जरुरत हैं। भाजपा को लोकसभा में 79 लाख वोट मिले थे। तो कम से कम साठ लाख मेंबर छत्तीसगढ़ के बनने चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे प्रदेश का टारगेट बड़ा है, वैसे ही बालोद जिले का भी टारगेट बढ़ा है। आने वाले दिनों में इस अभियान को आगे बढ़ाना है, जो बचा हुआ है उसे पूरा करना है। योजना बनाकर हर शक्ति केंद्रों में हर एक कार्यकर्ता को जाकर पूरा करना है।

---

# आवासहीन कमजोर व मध्यम वर्ग के परिवारों का खुद के घर का सपना होगा पूरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वितीय चरण 2.0 के क्रियान्वयन के लिये 18 नवंबर को वार्ड क्र.01 दुर्गा मंच में वार्ड क्र.01 से 05 तक के लिए शिविर का आयोजन किया गया। लोकेश्वरी गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत डौण्डीलोहारा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक चौबे ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने वार्ड के सभी हितग्राहियों से चर्चा की।

उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में निवासरत कमजोर व मध्यम वर्ग के परिवारों का स्वयं के आवास का सपना सकार करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वितीय चरण की शुरूआत की गई है। 18 नवम्बर को वार्डवार शिविर का आयोजन कर 03 नया आवेदन फार्म भराया गया। उन्होंने बताया कि 19 नवंबर को वार्ड क्र. 06 दुर्गा मंच में शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें वार्ड क्र. 06 से 10 तक हितग्राहियों को फार्म भराया जायेगा। लोकेश्वरी गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत डौण्डीलोहारा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक चौबे ने शासन की योजनाओं का आवासहीन परिवारों को एवं आवास निर्माण करने वाले परिवारों से अपील की है।

### पीएम आवास के लिए आवश्यक दस्तावेज

मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक चौबे ने कहा कि कि आवास योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेज की मूल प्रति एवं छाया प्रति अपने पास रखें। आवश्यक दस्तावेज पूरे परिवार का आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, बैंक पासबुक, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जमीन के दस्तावेज का सर्वेक्षण के दौरान सत्यापन कर आवास योजना के लिए फार्म भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि आवास योजना का लाभ देने वार्डों में सम्पर्क किया जाएगा। साथ ही निकाय के आवास कार्यालय में भी आवेदन की प्रक्रिया की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि योजना का लाभ लेकर अपने स्वयं के आवास का सपना साकार करें, शिविर में नगर पंचायत के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# पाटेश्वर धाम में लगा हाइक व ट्रेकिंग शिविर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बालोद के आदेशानुसार एक दिवसीय हाइक एवं ट्रेकिंग का आयोजन 16 नवम्बर को पाटेश्वरधाम में किया गया।

शिविर में राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशन एवं जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, जिला आयुक्त पी सी मरकले, जिला आयुक्त गाइड दुर्गेश नंदिनी यादव, जिला सचिव के एल गजेन्द्र, डी ओ सी प्रेमलता चंद्राकर के मार्गदर्शन में बालोद जिले के 25 स्काउटर, 14 गाइडर, जिला संघ के 06 पदाधिकारी तथा 05 सर्विस रोवर कुल 50 स्काउटर गाइडर ने भागीदारी की थी। शिविर के दौरान वन विद्या के तहत खोज चिन्हों का अनुसरण कर पांच ब्लॉक के स्काउटर गाइडर 5 की टोली में ट्रेकिंग के लिए निकले जिसमें पेड़ पौधों नाला में अंकित संकेतों के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों में टोली अनुसार चलते हुए ट्रेकिंग पॉइंट जामड़ी पाट बाबा के मंदिर में पहुंचे। वहां सभी टोली मिलकर देशभक्ति गीत ढ़पली मंजीरा से सामूहिक गान किया। भोजन के बाद ऐतिहासिक मंदिर एवं दिव्य क्षेत्र जिसमें सीता रसोई, अखंड धुनी, राधाकृष्ण मंदिर, हनुमान मंदिर, सीता कूप, का दर्शन किया। ट्रेकिंग कर विभिन्न स्थलों का ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक अध्ययन किए। शिविर में जिला संघ बालोद से आयुक्त प्रतिनिधि डी आर गजेन्द्र, हेमंत गिरी गोस्वामी, की उपस्थिति रही।

डी आर गजेन्द्र ने कहा कि इस प्रकार के हाइक एवं ट्रेकिंग में विभिन्न साहसिक गतिविधियों में भागीदारी कर नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। शिविर का संचालन मिलन सिंह सिन्हा ने तथा आभार प्रदर्शन डीओसी प्रेमलता चंद्राकर ने किया।

■ एक दिवसीय कार्यक्रम में अधिकारियों सहित स्काउट-गाइड के 50 सदस्य हुए शामिल

---

# हीरू खपरी में हुई रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता



**गुण्डरदेही।** ग्राम हीरू खपरी में बालिकाओं ने कार्तिक पुन्नी के अवसर पर रिकार्डिंग डांस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कुंवर सिंह निषाद थे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी छोटी-छोटी बेटियों ने हमारी संस्कृति को सहेज कर रखा है। इसमें संस्कृति के साथ भक्ति का भी भाव शामिल है। सभी पालक इनकी उच्च शिक्षा पर ध्यान दें। विधायक ने ग्रामवासियों की मांग पर कला मंच में शेड एवं सीसी रोड निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साहित्यकार केशव राम साहू ने बालिकाओं की हिम्मत बढ़ाते हुए कहा कि ऐसा कोई कार्य नहीं है, जिसे बेटियां नहीं कर सकतीं, बल्कि वर्तमान परिदृश्य में लड़कों की अपेक्षा लड़कियां अधिक सफल हैं, बेटियों पर सभी गर्व करते हैं। विशेष अतिथि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराम साहू, सरपंच ओमप्रकाश साहू, सलीम खान व सागर साहू थे। इस अवसर पर कार्तिक पुन्नी आयोजन समिति में प्रमुख श्रुति सोनी, पलक साहू, उषा सोनी, आरुषि एवं अन्य सहयोगी बालिकाओं के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

---

# पीएम आवास योजना के लिए वार्डों में लगाए जा रहे शिविर



**गुरूर।** नगर पंचायत गुरूर के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत रैपिड असेसमेंट सर्वे किये जाने के लिए वार्डवार शिविर लगाया जा रहा है। इसके लिए अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। शिविर 15 से 30 नवंबर तक प्रातः 10:30 से दोपहर 4 बजे तक आयोजित किया जा रहा है।

नोडल अधिकारी उप अभियंता कामता प्रसाद नागेन्द्र, सहायक अधिकारी लेखापाल दिलीप कुमार कंसारी को बनाया गया है। इसमें वार्ड 1, 2, 3, 4, 7, 8 के लिए बाजार चौक में शिविर लगेगा, प्रभारी डोमार सिंह कुंवर व विनोद कुमार को बनाया गया है। वार्ड क्रमांक 9, 10, 11, 12, 13 के लिए शिव चौक कलामंच वार्ड क्रमांक 03 में शिविर लगेगा, जिसके के लिए योगेश पटेल व भीखम साहू को वार्ड प्रभारी बनाया गया है। वार्ड क्रमांक 5, 6, 14, 15 के लिए शिविर सामुदायिक भवन वार्ड क्रमांक 14 में लगेगा जिसके लिए नारद यादव, सब्बहुद्दीन कुरैशी को प्रभारी बनाया गया है।

---

# जनजातीय गौरव दिवस पर डॉ बीएल साहसी सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर डॉ बी.एल.साहसी व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोड़ा को आनंद सागर सेवा प्रवाह बिलासपुर द्वारा आयोजित सरस्वती शिशु मंदिर तिलक नगर बिलासपुर के सभागार में सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि यह सम्मान उत्कृष्ट शिक्षकों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों जैसे साहित्यिक, सामाजिक ,नवाचार तथा राष्ट्रपति व राज्यपाल से नवाजे गए शिक्षकों के लिए आयोजित किया जाता है।इसी तारतम्य में आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टर साहसी को श्रीफल, शाल, मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ए.डी.एन. वाजपेई थे, अध्यक्षता थावे विद्यापीठ गोपालगंज बिहार के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने की।

---

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**

**फार्म अ**

**सार्वजनिक सूचना**

**(नियम-6 देखिये)**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक तुलेश्वर कुलदीप आ. श्री तेजराम कुलदीप जाति गाड़ा, आयु 23 वर्ष, निवासी ग्राम सुरडोंगर, थाना व तह. डौण्डी, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका यामिनी यादव आ. श्री मानिक लाल यादव, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम सुरडोंगर, थाना व तह. डौण्डी, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 04/12/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 21/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

अगामी तिथि 04/12/2024

मुहर

**अपर कलेक्टर, एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला बालोद (छ.ग.)**

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर ◉ भिलाई ◉ बिलासपुर ◉ रायपुर ◉ जगदलपुर ◉ कोरबा
47 YEARS OF TRUST
130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सड़क किनारे मुरुम की जगह डाली जा रही मिट्टी

**बालोद/सिकोसा।** लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार द्वारा हल्दी–पसौद मार्ग के निर्माण कार्य में सड़क किनारे मुरूम के स्थान पर मिट्टी डाली जा रही है। उक्त निर्माण कार्य के लिए शासन द्वारा 5 करोड़ 86 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इस लिहाज से जिस स्तर का निर्माण कार्य होना था, वह गुणवत्ता दिखाई नहीं दे रही है। निर्माण कार्य में इतनी बड़ी गड़बड़ी होने के बावजूद ना तो ठेकेदार ध्यान दे रहा है, न ही विभागीय अधिकारी मौके पर जायज़ा लेने पहुंचे। पसौद की बस्ती में सीसी रोड के साइड सोल्डर में मिट्टी डाली जा रही है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है। ठेकेदार द्वारा मुरुम नहीं मिलने का हवाला दिया जा रहा है। वहीं, 4 किलोमीटर तक हो रहे नवीनीकरण कार्य के तहत सड़क के किनारे को ही काटकर साइड सोल्डर बनाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारी चुप्पी का ठेकेदार नाजायज फायदा उठा रहा है। वहीं, विभाग के जिम्मेदार मौन हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द ही मिट्टी हटाकर मुरुम नहीं डाली गई, तो सीधे कलेक्टर से शिकायत की जाएगी।

### निर्वाचक नामावली से संबंधित दावा-आपत्ति की अंतिम तिथि कल

**बालोद।** नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत निर्वाचक नामावली से संबंधित दावा आपत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 नवंबर निर्धारित की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि नगर निकाय चुनाव के अंतर्गत निर्वाचक नामावली से संबंधित दावा आपत्ति लेने का कार्य बुधवार 13 नवंबर से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण कर निर्वाचक नामावलीयों का अंतिम प्रकाशन 11 दिसंबर को किया जायेगा। नगर पालिका परिषद बालोद, दल्लीराजहरा, नगर पंचायत गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा, डौण्डी, चिखलाकसा, अर्जुन्दा क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार व निर्वाचक सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नाम जुड़वाने के लिए प्रस्तुत दावा में संबंधित वार्ड के अंतर्गत 01 अक्टूबर की आर्हता तिथि के आधार पर सभी पात्र व्यक्तियों को सम्मिलित किया जाना है। प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष निर्वाचक नामावली में नाम जुड़वाने, विलोपित व संशोधन करने हेतु आवेदन 20 नवंबर तक दोपहर 03 बजे आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

### प्रमुख मार्केट में दोनों पाली में होगी सफाई

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र के सभी प्रमुख मार्केट आकाशगंगा, सुपेला मार्केट, पावर हाउस, सर्कुलर , जवाहर, हार्डवेयर लाइन, होजरी मार्केट , इत्यादि जगहों पर नगर निगम नगर निगम भिलाई द्वारा दोनों पाली में सुबह शाम सफाई व्यवस्था, कचरा संग्रहण का काम किया जा रहा है।

जायजा : खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर सभी जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

# पाररास पहुंचे कलेक्टर, व्यवस्थाओं का लिया जायजा, धान की गुणवत्ता परखी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह ने जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम जुंगेरा स्थित धान खरीदी केन्द्र पाररास का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने धान खरीदी केन्द्र में किसानों से खरीदे गए धान के बारदाने का अवलोकन कर धान के गुणवत्ता को परखा।



उन्होंने समिति प्रबंधक एवं कर्मचारियों को वास्तविक किसानों के रकबे की धान की खरीदी हेतु जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित किसानों से बातचीत कर उनके द्वारा बेचे गए धान की मात्रा के संबंध में जानकारी ली।

चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्र में धान के रखरखाव के लिए स्टेकिंग की व्यवस्था तथा धान विक्रेताओं के आधार सत्यापन हेतु लगाए गए बायोमेट्रिक मशीन आदि कार्यों के संबंध जानकारी ली। इस दौरान चन्द्रवाल ने धान खरीदी पंजी एवं ऑनलाईन एंट्री के कार्य का अवलोकन कर किसानों से धान खरीदी की कुल मात्रा एवं उसकी समुचित एंट्री के कार्य का सूक्ष्मता से परीक्षण भी किया।

### पहले दिन 24 किसानों ने बेचा 745 क्विंटल धान

कलेक्टर ने धान खरीदी के कार्य के पहले दिन 14 नवंबर एवं 18 नवंबर के लिए जारी किए गए टोकन एवं खरीदे गए कुल धान की मात्रा के संबंध में जानकारी ली। मौके पर उपस्थित समिति प्रबंधन ने बताया कि धान खरीदी केन्द्र पाररास में धान खरीदी के पहले दिन 14 नवंबर को कुल 24 किसानों एवं 18 नवंबर के लिए 36 किसानों के टोकन कटने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 14 नवंबर को 24 किसानों का कुल 744.80 क्विंटल धान की खरीदी करने की जानकारी दी। चन्द्रवाल ने अधिकारी–कर्मचारियों को धान खरीदी कार्य को त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने तथा धान खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए बैठक, पेयजल, शौचालय आदि सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने मांगों को लेकर विधायक संगीता को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

शिक्षक संघर्ष मोर्चा बालोद द्वारा पूर्व सेवा गणना मिशन अभियान के तहत संजारी बालोद विधानसभा के विधायक संगीता सिन्हा से मुलाकात कर मोर्चा द्वारा तय पांच सूत्रीय मांगों पर विस्तार से चर्चा कर ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन सौंपने के दौरान शिक्षक मोर्चा के प्रतिनिधियों ने विधायक को बताया कि मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर समस्त एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान देने, समतुल्य वेतनमान में सही वेतन का निर्धारण करने, पूर्व सेवा अवधि की गणना कर एलबी. संवर्ग के शिक्षकों के पुरानी पेंशन का निर्धारण करने, केंद्र सरकार की तरत 33 वर्ष के बजाय 20 वर्ष की सेवा पर पूर्ण पुरानी पेंशन का लाभ देने, उच्च न्यायालय के डबल बेंच के निर्णय के अनुसार क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान का विभागीय आदेश जारी करने एवं केंद्र सरकार की तरह एक जुलाई 2024 से तीन प्रतिशत मंहगाई भत्ता देकर जुलाई 2019 से देय तिथि से एरियर राशि का भविष्य निधि में समायोजन करने की मांग का मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया है। तथा मोर्चा के पदाधिकारियों ने मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांगों पर से चर्चा करने का निवेदन किया।

इस संबंध में विधायक ने आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री को मांगों पर पत्र लिखकर शिक्षकों की समस्याओं को अवगत कराकर निराकरण करने की पहल करेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला संचालक दिलीप साहू, जितेंद्र शर्मा, ब्लॉक संचालक विक्रम राजपूत, द्वारिका भारद्वाज, जगत राम साहू, भूपेन्द्र प्रसाद पांडेय, हेमंत हिरवानी, बालाराम निषाद व अन्य शिक्षक शामिल थे।

# अवैध कब्जा नहीं हटाने से आक्रोशित ग्रामीण तहसील कार्यालय घेरने पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/सिकोसा

ग्राम भूसरेंगा के ग्रामीण तहसील कार्यालय नायब तहसीलदार के घेराव के लिए गुण्डरदेही पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण ट्रैक्टर से भरकर 250 ग्राम में हो रहे अवैध कब्जा को हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था, परंतु अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके कारण तहसील घेराव करने का निर्णय लिया था। इसलिए 18 तारीख को गुंडरदेही तहसील कार्यालय

- नायब तहसीलदार ने बताया, कब्जाधारियों को 25 तक कब्जा हटाने दिया गया है समय

एसडीएम एवं थाना में तहसील घेराव संबंधी ज्ञापन सौंपा। जहां तहसीलदार ध्रुव, नायब तहसीलदार बी. रूद्रपति, नायब तहसीलदार ने ग्रामवासी ग्राम पंचायत की सरपंच से बातचीत की। अवैध कब्जा धारी को 15 दिन का समय दिया गया और स्वतः सामान एवं अवैध कब्जा हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया। नायब तहसीलदार ने कहा कि अगर 25 नवंबर तक कब्जा नहीं हटाया गया, तो तहसीलदार पुलिस प्रशासन व दलबल के साथ पहुंचकर अवैध कब्जा हटाया जाएगा। इससे ग्रामीण सहमत हुए।

इस अवसर पर पटवारी गंगाराम साहू, ग्राम पंचायत सरपंच द्रोपती नरसिंह ठाकुर, उपसरपंच मानसिंह साहू, ग्रामीण गणेश्वर कुमार साहू, टिकेश्वर साहू, पुनीत नेताम, लोकेश्वर अशनी, यशवंत कुमार, चुन्नीलाल, दूज राम विश्वकर्मा, भोजेश्वर साहू, तीजराम साहू, ग्राम कोटवार उपस्थित थे।

अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन

# समोदा के ग्रामीणों को 70 लाख के विकास कार्यों की मिली सौगात





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

ग्राम पंचायत समोदा में विभिन्न 70 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्य किया गया।

मुख्य अतिथि राजमहंत डोमन लाल कोर्सेवाड़ा विधायक अहिवारा विधानसभा, अति विशिष्ट अतिथि नटवर ताम्रकार अध्यक्ष नगर पालिका अहिवारा, विनायक ताम्रकार अध्यक्ष किसान मोर्चा ,जितेंद्र यादव मंडल अध्यक्ष जेवरा सिरसा,सरपंच भुनेश्वरी देशमुख आदि अतिथियों के सानिध्य में लोकार्पण कार्यक्रम हुआ। इसके तहत विधायक ने 10 लाख के सीसी रोड 10 लाख की सीमेंटीकारण 20 लाख के डोम शेड, जय मां दुर्गा स्वसहायता समुह स्वच्छता हितग्राही की महिलाओं को 5000 की अनुदान राशि, जय बुढ़ा देव सुआ नृत्य की महिलाओं को 5000 की अनुदान राशि, नन्हे पंथी नृत्य के कलाकारों को म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट के लिए 5000 की अनुदान राशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर गांव के सुखनंदन देशमुख उपसरपंच अनुज राम निषाद सुकून देशमुख ईश्वरी निषाद समृद्धि निषाद कांति देशलहरे शांत सोनवानी विमला बंजारे धनेश्वर देशमुख पेमीन देशमुख कविता भाई देशमुख ओमप्रकाश निषाद भूपेश देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# संस्कृत भारती के प्रांतीय सम्मेलन में कई विषयों पर हुई चर्चा



**गुरूर।** संस्कृत भारती का प्रांत सम्मेलन बिलासपुर चकरभाठा में हुआ। सम्मेलन में गुरूर विकासखण्ड के शिक्षक सम्मिलित हुए। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री संस्कृत दत्तात्रेय, श्री सिंगर प्रांत अध्यक्ष संस्कृत भारती सत्येंद्र, शाह प्रांत अध्यक्ष डॉक्टर राजकुमार तिवारी थे।

समापन अवसर के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन धरमलाल कौशिक थे, उन्होंने कहा कि संस्कृत के बिना भारत के गौरव की कल्पना नहीं की जा सकती। अतः संस्कृत को एक वर्ग की भाषा से निकलकर सामान्य भाषा जन भाषा बनाना होगा, तभी भारतीय संस्कार जीवित रह पाएंगे। सम्मेलन में संस्कृत के उत्थान के लिए वार्षिक कार्य योजना बनाई गई, जिसमें विभिन्न आयाम कार्य पद्धति एवं पांच प्रकल्पों के विषय में चर्चा की गई। बालोद जिले से प्रांत उप मंत्री मेघनाथ साहू, व्याख्याता सेजस अर्जुंदा पूर्णोत्तम साहू, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छेड़िया योगी दास मानिकपुरी, वीर सिंह ठाकुर, कीर्ति अग्रवाल उपस्थित थे।

# खेल से होता है शारीरिक व मानसिक विकास : कुंवरसिंह





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

विधायक कुंवर सिंह निषाद मिनी स्टेडियम कचांदुर में सोमवार को खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए।

इस दौरान विधायक ने कहा कि खेल हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है। खेल से हमारे शारीरिक व मानसिक दोनों का विकास होता है। यह हमारे शरीर के रक्त परिसंचरण में सहायक है, वहीं दूसरी ओर हमारे दिमागी विकास में लाभकारी है। श्री निषाद ने कहा कि खेल व्यायाम का

- मिनी स्टेडियम कचांदुर में आयोजित महिला खेल प्रतियोगिता में पहुंचे विधायक

सबसे अच्छा साधन माना जाता है। खेल ही हमारे शरीर को हृष्ट–पुष्ट, गतिशील एवं स्फूर्ति प्रदान करने में सहायक होते हैं। एक सफल इंसान के लिए चाहिए कि वह मानसिक तथा शारीरिक दोनों रूप से स्वस्थ रहे। मानसिक विकास की शुरुआत हमारे स्कूल के दिनों से प्रारंभ हो जाती है, किंतु शारीरिक विकास के लिए व्यायाम ज़रूरी है जो हमें खेलों के माध्यम से प्राप्त होता है। कार्यक्रम के बाद विधायक ने धान खरीदी केन्द्र पहुंचकर व्यवस्था से संबंधित विषयों की जानकारी ली। उन्होंने उपार्जन केंद्र से संबंधित अधिकारियों को धान खरीदी में किसानों को हर तरह की सहूलियत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला बालोद के चेयरमेन बने डॉ प्रदीप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला बालोद की जिला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ। डॉ प्रदीप जैन को सर्वसम्मिति से चेयरमेन चुना गया। कमला वर्मा भी निर्विरोध वाइस चेयरमेन चुनी गईं। जिला प्रबंधन समिति के 30 सदस्यों में उपस्थित 29 सदस्यों ने जिला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों का चुनाव किया। चेयरमेन, वाइस चेयर मेन व कोषाध्यक्ष के लिए सर्वसम्मिति से नाम प्रस्तावित हुए। अध्यक्ष के लिए डॉ प्रदीप जैन का नाम प्रस्तावित किया गया। उपाध्यक्ष के लिए कमला वर्मा को एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए रूपनारायण देशमुख को सर्वसम्मिति से चुना गया। प्रदेश प्रतिनिधि के लिए चुनाव की स्थिति निर्मित हुई, जिसमे टोमन साहू वियजी रहे। निर्वाचन अधिकारी प्रतिमा ठाकरे झा ने चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई एवं निर्वाचित पदाधिकारियों एवं जिला प्रबंधन समिति के सदस्यों को उन्होने प्रमाण पत्र प्रदान किया। निर्वाचन अधिकारी ने सभी सदस्यों को शपथ दिलाई।

# वर्ल्ड ब्राम्हण फेडरेशन इकाई दुर्ग का हुआ गठन

**भिलाई।** प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, प्रदेश सलाहकार रज्जन अग्निहोत्री, संयोजक नितिन झा की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष के रुप में डा. शशिभूषण शर्मा, सचिव नवीन त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष चंचल कुमार द्विवेदी को नियुक्त किया। इस दौरान संतोष कुमार सेलट, सुमन पुरोहित, श्याम तिवारी, उमेश तिवारी, राजेश शर्मा, मनोज तिवारी अमितेश तिवारी, ओम प्रकाश पांडेय, देवेश मिश्रा मौजूद थे। 1 दिसंबर रविवार सुबह 10 बजे से रायपुर स्थित गीता भवन दुधधारी मंदिर मठपारा में युवक-युवती सम्मेलन आयोजित है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

10 जनवरी 2025
मकर संक्राति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक 07 दिसंबर 2024 10 दिसंबर 2024 10 जनवरी 2025 19 फरवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 17,500/-, 3AC-27,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 30 अप्रैल से 13 मई 2025
03 मई से 16 मई 2025, 08 मई से 21 मई 2025
14 मई से 27 मई 2025, 19 मई से 01 जून 2025,
22 मई से 04 जून 2025, 25 मई से 07 जून 2025
02 जून से 15 जून 2025, 05 जून से 18 जून 2025,
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशिः-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411